2 प्रतिशत भर्ती का उत्सव, 98 प्रतिशत रिक्तियों पर सरकार मौन : प्रतुल

रांची : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 1000 सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बजाय फोटो सेशन और प्रचार की राजनीति कर रही है। राज्य सरकार जिस 1000 नियुक्तियों का उत्सव मना रही है, वह वस्तुतः 50,000 रिक्त शिक्षक पदों का मात्र 2 प्रतिशत है। अर्थात 98 प्रतिशत पद आज भी खाली पड़े हैं। यह उपलब्धि नहीं, बल्कि सरकार की विफलता का प्रमाण है। ऐसे में सरकार को जश्न मनाने के बजाय यह बताना चाहिए कि लाखों बच्चों के भविष्य से आखिर कब तक खिलवाड़ होता रहेगा। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता शिक्षा नहीं, केवल प्रचार है। आज भी राज्य के हजारों सरकारी विद्यालय प्रभारी प्रधानाचार्यों के भरोसे संचालित हो रहे हैं, क्योंकि प्रधानाचार्यों के हजारों पद रिक्त हैं। नियमित प्रधानाचार्य की नियुक्ति वर्षों से लंबित है और पूरा शिक्षा तंत्र अस्थायी व्यवस्था पर टिका हुआ है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार शिक्षकों की भारी कमी दूर नहीं कर पा रही है, दूसरी ओर उपलब्ध शिक्षकों को भी गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाया जाता रहा है।

रोहिणी परियोजना में संयुक्त मोर्चा की गेट मीटिंग

1 जुलाई को महाप्रबंधक कार्यालय पर प्रदर्शन का आह्वान

संवाददाता

खलारी : कोयला उद्योग में 12वें वेतन समझौते को अविलंब लागू करने तथा चारों श्रमिक-विरोधी लेबर कोड को रद्द करने की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा एनके एरिया की ओर से सोमवार को रोहिणी परियोजना में गेट मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में 1 जुलाई को आयोजित होने वाले मांग दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होकर महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष विशाल प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि 11वें वेतन समझौते की अवधि 30 जून को समाप्त हो रही है, लेकिन अब तक भारत सरकार द्वारा 12वें वेतन समझौते के लिए जेबीसीसीआई के गठन की अधिसूचना जारी नहीं की गई है। वहीं, कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से भी कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि इस बार का वेतन समझौता संघर्षपूर्ण होगा।

इसी को देखते हुए कोयला उद्योग के चारों महासंघों ने 1 जुलाई को पूरे देश में मांग दिवस मनाने का निर्णय लिया है। निर्णय के अनुसार रोहिणी परियोजना के श्रमिक अपने-अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित होकर नारेबाजी करेंगे और सुबह लगभग 10 बजे जुलूस की शक्ल में महाप्रबंधक, एनके एरिया कार्यालय पहुंचकर विशाल प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद प्रबंधन के माध्यम से मांग पत्र सौंपा जाएगा। तीनों पालियों में 12वें वेतन समझौते के समर्थन में नारेबाजी भी की जाएगी। गेट मीटिंग की अध्यक्षता अमृत भोक्ता ने की तथा संचालन ध्वजा राम धोबी ने किया। मुख्य वक्ताओं में प्रेम कुमार, शैलेश कुमार, शैलेंद्र कुमार सिंह एवं देवपाल मुंडा शामिल थे। वहीं रोहिणी परियोजना की ओर से मोहन कुमार पांडेय और नरेश प्रसाद ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में रोहिणी परियोजना के सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।

बुजुर्गों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना ही लक्ष्य - डालसा

बेड़ो: न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को 2026 को बेड़ो प्रखंड के ईंटा पंचायत स्थित चिल्दरी गांव तथा केजीबीवी बेड़ो में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झालसा के सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

सीएचसी बेड़ो में टीबी मरीजों को बांटी गई पोषण किट

बेड़ो: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बेड़ो में सोमवार को निक्षय पोषण योजना के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत सीएमपीडीआईएल व आरके एचआईवी एड्स रिसर्च एंड केयर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 178 टीबी (क्षयरोग) मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम बेड़ो के चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी डॉ सुनील जॉर्ज कंडूलना की देखरेख में संपन्न हुआ। झारखंड राज्य के राज्य टीबी अधिकारी कमलेश,आरके एचआईवी एड्स रिसर्च एंड केयर सेंटर के चेयरमैन डॉ. धर्मेंद्र कुमार व रांची जिला टीबी अधिकारी डॉ. बसकी के प्रमुख मार्गदर्शन में यह अभियान पूरे रांची जिले में चलाया जा रहा है। इसके तहत पिछले पांच महीनों से जिले के कुल 1550 टीबी मरीजों को निरंतर पोषण किट का वितरण किया जा रहा है।

वज्रपात से बैल व दुधारू गाय की मौत

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड के नेहालु कपरिया पंचायत के अम्बा टोली गांव में सोमवार अपराह्न लगभग चार बजे वर्षा के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से एक बैल व एक दुधारू गाय की मौत हो गई। वहीं एक बैल बाल-बाल बच गया। किसान मतलु उरांव पिता राम उरांव ने बताया कि घटना के समय उन्होंने एक गाय व दो बैल घर के समीप खेत में बांध रखे थे। तभी वर्षा के दौरान अचानक बिजली कड़की और एक गाय व एक बैल वज्रपात की चपेट में आ गए। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गाय ने शुक्रवार के दिन ही एक बछड़े को जन्म दिया था। किसान मतलु उरांव ने कहा कि इन पशुओं से ही हमारी रोजी-रोटी चलती थी। खेती-बाड़ी के समय एक बैल और दुधारू गाय के मरने से हमारे ऊपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने प्रखंड प्रशासन व सरकार से तत्काल मुआवजे की मांग की है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत व उपमुखिया जितिया उरांव घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित किसान को ढांढस बंधाया और उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

बेड़ो में मंत्री के निर्देश पर अनुदान पर किसानों के बीच बंटा धान का बीज

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली लैंपस लिमिटेड में सोमवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के सौजन्य से सैकड़ों किसानों के बीच 50% अनुदान में एनएससी हाइब्रिड धान बीज वितरण का किया गया। कार्यक्रम बेड़ो कांग्रेस कमेटी के महासचिव बुधराम लोहरा, विधायक प्रतिनिधि देवनीश तिग्गा व लैंपस के अध्यक्ष चरवा उरांव की मौजूदगी में प्रारंभ किया गया। बुधराम लोहरा एवं देवनीश तिग्गा ने कहा कि बाजारों में बहुत अधिक धान बीज का दर होने से गरीब किसान धान बीज नहीं खरीद पाते हैं।

AFFIDAVIT

I SHATRUDHAN DUBEY, S/o Dinanath Dubey, R/o- Chandni Chowk, Hatia, P.O- Hatia, P.S- Jagarnathpur, Dist.- Ranchi, Jharkhand, Pin- 834002. Do hereby solemnly affirm and declare through affidavit No- 1091 dated 29/06/2026 that my son's whose name is Mentioned in his Birth Certificate as SATYAM registration number 2009/3 issue Date 29/06/2011. Now I want to mention his name with Surname as SATYAM DUBEY in his Academic record. I completing this affidavit for correction of his name SATYAM DUBEY instead of SATYAM in his Academic record. The above statements are true and correct.

AFFIDAVIT

I SHATRUDHAN DUBEY, S/o Dinanath Dubey, R/o Chandni Chowk, Hatia, P.O- Hatia, P.S- Jagarnathpur, Dist.- Ranchi, Jharkhand, Pin- 834002. Do hereby solemnly affirm and declare through affidavit No- 1092 dated 29/06/2026 that my name is mentioned in my son's Birth Certificate as SRATRUGHAN DUBEY. But my correct name is SHATRUDHAN DUBEY. I Completing this affidavit for Correction of my name SHATRUDHAN DUBEY instead of SRATRUGHAN DUBEY in my son's School records.The above statements are true and correct.

मोदी सरकार के 12 वर्ष में 24 गबन हुए : सुप्रियो

वरीय संवाददाता

रांची : झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर दावा किया कि वर्ष 2014 के बाद से विभिन्न क्षेत्रों में कथित अनियमितताओं और संसाधनों के दुरुपयोग की घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए उसे भारतीय गबन पार्टी कहा और 24 गबन के आरोप लगाए। सुप्रियो ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि नोटबंदी से शुरू हुआ यह सिलसिला सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों, जंगलों, समुद्री तटों, हवाई अड्डों और अन्य राष्ट्रीय संसाधनों तक पहुंच गया। सरकारी परिसंपत्तियों और प्राकृतिक संसाधनों का लाभ चुनिंदा निजी कंपनियों को पहुंचाया गया। सबसे पहला नोटबंदी के माध्यम से करेंसी गबन। उसके बाद शुरू हुआ पीएसयू गबन, यानी जितने भी पब्लिक सेक्टर यूनिट्स थे, सबको अपने मित्रों को दे देना। उसके बाद हुआ बैंक गबन। बैंकों को आपस में मिला देना, ताकि उनके मित्रों के जो 18 लाख करोड़ रुपये के लोन राइट-ऑफ हुए हैं, उनका पता न चले। फिर हुआ जंगल गबन, जो आरएसएस से शुरू हुआ और आज तक चल रहा है। फिर शुरू हुआ है समुद्र गबन। हर 500 किलोमीटर के समुद्री तट पर अडानी का पोर्ट होगा। मोदी सरकार में आकाश गबन, जिसके तहत एयरपोर्ट्स को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के हाथों से लेकर जीएमआर और अडाणी जैसे लोगों को दे दिया गया। फिर हुआ पहाड़ गबन, उत्तराखंड से लेकर अरावली तक। फिर आया पशु गबन, जहां एक निजी कॉर्पोरेट को वंतारा प्रोजेक्ट के नाम पर सरकारी पशु दे दिए गए। फिर आया शहीद गबन, जो पुलवामा से शुरू हुआ और अभी सिंदूर तक चला। भाजपा के राज में ही कारगिल के समय ताबूत घोटाला भी हुआ था। फिर, भाजपा के आने के बाद मंदिर गबन शुरू हुआ। चाहे काशी हो, मथुरा हो या अयोध्या। आज तक हिंदुस्तान ने कभी नहीं देखा कि मस्जिद, चर्च या गुरुद्वारे से कोई चीज चोरी हुई हो। लेकिन अयोध्या के श्रीराम मंदिर से अरबों रुपए की चोरी हो गई।

जेएमएम का मतलब 'जमकर मुद्रा मोचन' : अमर बाउरी

वरीय संवाददाता

रांची : भाजपा प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने जेएमएम नेता सुप्रियो भट्टाचार्य द्वारा केंद्र सरकार के 12 साल के कार्यकाल में 24 गबन गिनाने पर करारा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि जेएमएम और उनकी सहयोगी पार्टी कांग्रेस व राजद अगर गबन और घोटालों पर दूसरों को उपदेश दे तो यह हास्यास्पद नहीं तो क्या है। जो पार्टी खुद गबन एवं घोटाले की जनक हो, उनकी सहयोगी दलों का राजनीतिक इतिहास भी घपले घोटालों से ठूंस ठूंस कर कोना कोना भरा हो, उस पार्टी को तो हर जगह यही सब दिखता है। चंद करोड़ रुपए के लिए किस पार्टी ने अलग राज्य आंदोलन को बेचने का काम किया, यह किसी से छिपा है क्या ? साथ ही उन्होंने भाजपा को भारतीय गबन पार्टी बताने पर कहा कि जेएमएम को पहले अपने गिरेबान और राजनीतिक अतीत में झांकने की ज़रूरत है। भाजपा क्या है, यह प्रमाण पत्र एक लुटेरी पार्टी से लेने की जरूरत नहीं है। जेएमएम का असली मतलब 'जमकर मुद्रा मोचन' पार्टी है। श्री बाउरी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा अपने 12 साल के कार्यकाल में जो स्वर्णिम अध्याय लिखा गया है वह जेएमएम और उनकी सहयोगी दलों को कभी दिख नहीं सकता है।

लिव इन पार्टनर की हत्या मामले में दोषी को उम्रकैद

रांची : लिव इन पार्टनर को गोली मारकर हत्या करने के दोषी राजू उरांव को एजेसी संजीव झा की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनायी है। साथ ही 25 हजार जुर्माना भी लगाया है। घटना सितंबर 2022 की है। अभियुक्त उसी समय से जेल में बंद है। जानकारी के अनुसार, राजू उरांव व खुशबू कुमारी काफी दिनों से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। वर्ष 2022 में करमा पर्व के ठीक पहले राजू व खुशबू में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसी विवाद के बाद खुशबू अपने पिता के घर रहने चली गयी। राजू उरांव उसे समझा-बुझाकर अपने साथ लाने के लिए अपने दोस्त सन्नू उरांव के साथ गया।

राजेंद्र गुप्ता बने डुमरी के नए एसडीओ, अधिसूचना जारी

रांची : झारखंड सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता को गिरिडीह जिले के डुमरी का नया अनुमंडल पदाधिकारी नियुक्त किया है। इस संबंध में कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है। राजेंद्र गुप्ता इससे पहले राज्यपाल सचिवालय में अवर सचिव के पद पर कार्यरत थे।

जेएसएससी ने आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द किया

रांची : राज्य सरकार के आदेश पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड सचिवालय आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द कर दिया है। मालूम हो कि राज्य सरकार ने पिछले दिनों आयोग को इससे संबंधित विज्ञापन संख्या 24/2024 एवं 25/2024 को वापस लेने का आदेश दिया था। आयोग के परीक्षा नियंत्रक ने कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के आदेश का जिक्र करते हुए आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित अधियाचना को वापस ले लिया है। मालूम हो कि इस प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से कुल 455 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

सामलौंग बेलबगान दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने पप्पू

नामकुम: दुर्गा पूजा समिति बेलबागान, सामलौंग की बैठक गांव रेस्टोरेंट में की गयी। वर्ष 2026 में भव्य तरीके से पूजा करने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता विरेन्द्र नाथ महतो के द्वारा की गयी। बैठक में नयी कमिटि का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष पप्पू सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में श्रवण कुमार महतो का चयन किया गया। मुख्य संरक्षक सुरेश साहु, डॉ विष्णुचरण महतो, रामनाथ राम एवं रंजीत मिश्रा व अन्य हैं। संरक्षक में रामकिशुन नायक, सुलेन्द्र साहु, शंकर रजक एवं दिनेश बैठा व अन्य हैं। उपाध्यक्ष के पद पर नूतन महतो, रॉकी कुमार, चिकू यादव, अमित साहु, राहुल पाण्डेय, सचिव विरेन्द्र नाथ महतो, कोषाध्यक्ष जितू सिंह, संजीव सिंह, महामंत्री सत्यम तिवारी, सामु, शुभम कुमार एवं सदीप घोष, मंत्री शंकर राम, धीरज यादव, राहुल कुमार, दीपक कैथा, पूजा प्रभारी सूरज पंडित एवं मीडिया प्रभारी सोनू प्रधान एवं अखिलेश सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

सीएमपीडीआई मिनी रत्न cmpdi Mini Ratna

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, काँके रोड, राँची 834008, झारखण्ड, भारत

सूचना

''सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in**/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई,**www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

शुद्धिपत्र

ICICI Bank
ब्रांच ऑफिस: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर,
पार्क प्लाज़ा बिल्डिंग, टैगोर हिल रोड,
मोरहाबादी, रांची, झारखंड-834008.

कृपया सरफेसी एक्ट 2002 के तहत 23 जून, 2026 को 'टाइम्स ऑफ़ इंडिया' और 'सन्मार्ग' (रांची-झारखंड एडिशन) में प्रकाशित नीलामी सूचना के विज्ञापन को देखें। यह विज्ञापन उधारकर्ता श्रीमती अंजुम बेगम लोन नंबर LBRNI00005131936 के मामले में जारी किया गया था।

अनजाने में हुई एक गलती के कारण, 'टाइम्स ऑफ़ इंडिया' और 'सन्मार्ग' (हिंदी) के रांची-झारखंड एडिशन में ब्रांच ऑफिस का पता, डीडी और टेंडर डॉक्यूमेंट जमा करने का पता गलत छप गया था। इसमें पता 'आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, पार्क प्लाज़ा बिल्डिंग, टैगोर हिल रोड, मोराबादी, रांची, झारखंड-834008' के बजाय 'आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, सतपाल चैंबर्स, धांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001' छप गया था।

इसलिए, हम आपसे अनुरोध करते हैं कि उधारकर्ता श्रीमती अंजुम बेगम के नाम से दोनों प्रकाशनों में ऑफिस का पता आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर पार्क प्लाज़ा बिल्डिंग, टैगोर हिल रोड, मोरहाबादी, रांची, झारखंड-834008 पढ़ें। ऊपर बताए गए नोटिस की बाकी जानकारी में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

तारीख: 30 जून. 2026
स्थान: रांची (झारखंड)

अधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

कार्यपालक अभियंता कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 01/2026–27

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र विक्री की तिथि : दिनांक– 09.07.2026 को 3.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक– 10.07.2026 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक– 10.07.2026 को 3:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : (i) मुख्य अभियन्ता(या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण, छात्रावास नं0–2 धुर्वा, राँची, झारखण्ड।
   : (ii) अधीक्षण अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची।
   : (iii) कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान : क्रमांक 5(पाँच) में उल्लेखित कार्यालयों में निर्धारित स्थानों पर।
7. कार्यो की विवरणी :–

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	जोरी से चोपट भाया बड़कादोहर पथ के कि0मी0 0.00 से 18.00 तक में साधारण मरम्मति कार्य।	20.00	40000.00	5000.00	3 Months
2	कुरुमगढ़–परसा, शहीद नयमन कुजूर विल्लेज लिंक पथ के 0.00 से 28.09 तक में साधारण मरम्मति कार्य।	25.00	50000.00	5000.00	3 Months
3	टोटो आँजन धाम पथ के कि0मी0 1(205m), 3(175.0m), 6(320.0m), 7(140.0m), 8(320.0m) तक में साधारण मरम्मति कार्य।	20.00	40000.00	5000.00	3 Months
4	बकसपुर मोड़ से सरिता बाराज टोकन पथ के कि0मी0 0.00 से 17.700 तक में साधारण मरम्मति कार्य।	20.00	40000.00	5000.00	3 Months
5	रामपुर से जीतूटोली भाया कदमडीह पथ के कि0मी0 0.00 से 25.265 तक में साधारण मरम्मति कार्य।	15.00	30000.00	2500.00	3 Months
6	भरनो चौंक से परवल रोड़ भाया मारासिली, सरगाँव, जिरहुल पथ के कि0मी0 1, 5, 7, 8, 10 एवं 11 में साधारण मरम्मति कार्य।	20.00	40000.00	5000.00	3 Months
7	सिसई (कुम्हार मोड़) से घाघरा पथ के कि0मी0 0.00 से 35.100 तक में साधारण मरम्मति कार्य।	25.00	50000.00	5000.00	3 Months
8	घाघरा– नेतरहाट (SH09) पथ के 14वें 15वें 16वें 17वें कि0मी0 पर क्रैश बैरियर अधिष्ठापन एवं 33वें कि0मी0 पर पुल के रेलिंग मरम्मति कार्य।	20.00	40000.00	5000.00	2 Months
9	घाघरा– नेतरहाट (SH09) पथ के कि0मी0 43 में Boulder Pithcing कार्य।	20.00	40000.00	5000.00	2 Months
10	डुमरी– बडाकटरा– केराकोना, (छत्तीसगढ़) बॉर्डर पथ के 10वें कि0मी0 परं क्रैश बैरियर अधिष्ठापन कार्य।	12.00	24000.00	2500.00	2 Months
11	घाघरा– नेतरहाट (SH09) पथ के 51वें एवं 52वें कि0मी0 पर क्रैश बैरियर अधिष्ठापन कार्य।	11.00	22000.00	2500.00	2 Months
12	भरनो चौक से परवल भाया मारासिली, सरगाँव, जिरहुल पथ के 2रें एवं 6वें कि०मी० परं Crash Barrier अधिष्ठापन कार्य।	13.00	26000.00	2500.00	2 Months

नोट– (1) निविदा आमंत्रण की सूचना एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है, जिसका अनुपालन अनिर्वाय है।
(2) प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।
(3) परिमाण विपत्र का मूल्य भारतीय स्टेट बैंक या राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार्य होगा, जो निविदा आमंत्रण तिथि के बाद जारी की गई हो तथा किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जाएगा एवं बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल गुमला के पदनाम से हो एवं जिस संवेदक के नाम से निबंधन है उन्ही का बैंक ड्राफ्ट स्वीकार किया जाएगा।
(4) पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदको के लिए युकेन निबंधन आवश्यक है।
(5) PWD कोड में संशोधन के फलस्वरूप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।
(6) साथ ही सम्बन्धित विभागीय परिपत्र/ अधिसूचना मान्य होगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
प0नि0वि0 पथ प्रमण्डल, गुमला

PR 383533 Road(26-27).D

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan,
Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala

GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given to the public that gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank Ltd. against various loan accounts and remaining overdue/ unredeemed despite repeated notices will be auctioned for recovery of the Bank's dues, in accordance with applicable banking regulations and policies.

DETAILS OF AUCTION

Mode of Auction: Off-line (Physical Auction through Branches)
Date of Auction: 28-07-2026 **Time:** 11:00 AM to 01:00 PM
Auction Venues: The auction will be conducted at the following ESAF Small Finance Bank branches in **Jharkand**

Interested bidders are requested to visit the respective branches for participation. For detailed branch addresses and contact numbers, please visit the Bank's official website

BRANCH NAME - LOAN ACCOUNT NUMBER

Bokaro: 63260000087435, **Dhanbad**: 63260000079870, 0116542, 0174181, 0184142, 75250004944825, 4945104, **Dumka**: 63260000175089, **Bagodar**: 63260000125715, 75250004644070, 4647515, 4884247, **Giridh**: 63250002090713, 63260000079850, 0116072, 0126613, 0131103, 0131753, 0183744, **Hazaribag**: 63260000123738, 0169801, 0170678, 75250004800747, 4905580, 5023722, **Jamshedpur**: 63260000185490, **Ranchi**: 63260000123908, 0178094, 0179382, 75250004994330.

Important Instructions: Borrowers may redeem their pledged gold ornaments by clearing the total dues along with applicable charges at least two days prior to the auction date. Interested bidders must carry valid KYC documents. GST Registration Number is mandatory for firms/companies, wherever applicable. Bidders are required to deposit an Earnest Money Deposit (EMD) of Rs.2,500 before participating in the auction. The auction will be conducted on an **"as is where is"** and **"as is what is"** basis. The Bank reserves the right to cancel/postpone the auction or reject any bid without assigning any reason. Participation in the auction shall be deemed acceptance of all terms and conditions of the Bank. The Minimum Reserve Price will be fixed by bank on the basis of IBJA Rate as applicable on the basis of purity of Gold.

Place: **Thrissur**
Date: **30 June 2026**

(Sd/-) Authorized Signatory
ESAF Small Finance Bank Ltd.

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN: L65910KL1992PLC006623,
Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House,
P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.07. 2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बोकारो, बोकारो स्टील सिटी, 0139360730008616, चास–बोकारो स्टील सिटी, 0135740730049664, धनबाद, धनसर मोरे शाखा झारखंड, 0136110700015430, 5432, 0136110730032112, 5437, 5564, 5808, 5903, 6089, सरायढेला, 0136040700010710, 0136040730024386, 4406, 4485, हजारीबाग, हजारीबाग झारखंड, 0135590700013570, जमशेदपुर, जुगसलाई, 0135540700014877, 0135540730026431, 6433, 6434, 6435, 6609, रांची, हीनू राँची, 0135500700024958, 5029, 5043, 0135500730043136, 3267, 3509, 3562, 3563, 3569, 3662, 3663, रातू रोड रांची, 0128920700054778, 4870, 4886, 4983, 5007, 0128920730055784, 6657, 6726, अपर बाजार रांची, 0135650730034574, पश्चिम सिंहभूम, आदित्यपुर जमशेदपुर, 0135530730069542, 0303,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:– इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/– नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 7076372064 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

व्यवहार न्यायालय, रांची

शुद्धि–पत्र दिनांक–27.06.2026

व्यवहार न्यायालय, रांची के कार्यालय द्वारा पिउन/आदेशपाल की नियुक्ति के संबंध में निर्गत विज्ञापन सं0–01/2026 के संबंध में सूचित किया जाता है कि आवेदन हेतु निर्देश की कंडिका–10 में उल्लिखित स्व पता लिखा लिफाफा 25 से.मि. X 11 से.मि. (प्रवेश पत्र पर निर्गत करने हेतु) **''जिसपर 40/– रूपये का डाक टिकट सटा हुआ हो''**, के स्थान पर **''56/– रूपये का डाक टिकट सटा हुआ हो''**, पढ़ा जाय।

PR-382845 (Law) 26-27(D)

निर्देशानुसार,
प्रभारी न्यायाधीश/निबंधक,
व्यवहार न्यायालय, रांची

PR 383497 (Law)26-27*D

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank ब्रांच ऑफिस: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 4/10, मैत्री टॉवर, बोम्मनहल्ली होसुर मेन रोड, बैंगलोर - 560068

नीचे दिए गए उधारकर्ता(ओं) ने आईसीआईसीआईबैंक से ली गई लोन सुविधा(ओं) के मूलधन और ब्याज को चुकाने में चूक की है। इन लोन को 'नॉन-परफॉर्मिंग एसेट' (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। उन्हें 'सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' की धारा 13(2) के तहत उनके आखिरी ज्ञात पते पर एक नोटिस भेजा गया था। हालाँकि, यह नोटिस उन तक नहीं पहुँच पाया, इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक सूचना के ज़रिए सूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम/ (ऋण खाता संख्या) और पता	जिस गिरवी संपत्ति को जब्त किया जाना है उसका विवरण	नोटिस भेजने की तारीख / नोटिस की तारीख पर बकाया राशि	एनपीए तारीख
1.	श्री मोहन राव - (स्वर्गीय) उनके कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से / कंचन राव / TBVPM00006245310 / फ्लैट नंबर 204, दूसरी मंज़िल, ब्लॉक D, नोवसफ्लोरेंस, विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश, गोंगावरम पोर्ट रोड, विशाखापत्तनम-530026	प्रॉपर्टी का विवरण: ज़मीन का वह सभी भाग जो कुल 9014.62 वर्ग गज ज़मीन में 34 वर्ग गज या 28.42 वर्ग मीटर का अविभाजित और अनिर्दिष्ट भाग है। इसके साथ ही पहली मंज़िल पर फ़्लैट नंबर डी-204 (जिसका प्लिंथ एरिया 1158 वर्ग फ़ीट है, जिसमें कॉमन एरिया और बालकनी शामिल हैं) और सेलर/स्टिल्ट फ़्लोर पर 120 वर्ग फ़ीट की कार पार्किंग भी शामिल है। यह प्रॉपर्टी "नोवस फ़्लोरेंस विलेज" डोर नंबर 25-2-172, एसेट नंबर 1086306497, इलेक्ट्रिकल मीटर सर्विस नंबर 15942 में स्थित है। यह सर्वे नंबर 305/11, 307/1, 287/5 और 305/12 के अंतर्गत आती है और कनिथी गाँव, गजुवाका मंडल, गजुवाका सब-रजिस्ट्रार ऑफ़िस, ग्रेटर विशाखापत्तनम म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की सीमा और विशाखापत्तनम ज़िले में स्थित है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में पोलामाम्बा इलेक्ट्रिकल एंड इंजीनियरिंग वर्क्स की ज़मीन। दक्षिण में गंगावरम पोर्ट रोड। पश्चिम में अंकामा इंडस्ट्रीज़ और पोलामाम्बा इलेक्ट्रिकल एंड इंजीनियरिंग वर्क्स की ज़मीन। उत्तर में डॉकयार्ड एम्प्लॉईज़ लेआउट की ज़मीन। पहली मंज़िल पर फ़्लैट नंबर डी-204 की सीमाएँ: पूर्व में कॉमन कॉरिडोर। दक्षिण में खुला आसमान/फ़्लैट नंबर बी-202. पश्चिम में कॉमन कॉरिडोर। उत्तर में फ़्लैट नंबर डी-202. यह असाइन की गई ज़मीन नहीं है।	27.05.2026 रु. 28,18,923.00/-	08.06.2025

नोटिस की 'सबस्टिट्यूटेड सर्विस' (वैकल्पिक तामील) के लिए ये कदम उठाए जा रहे हैं। ऊपर बताए गए उधारकर्ता/गारंटर (जैसा भी मामला हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के पब्लिश होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया पेमेंट कर दें। ऐसा न करने पर, 'सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002' के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तारीख: 30 जून, 2026, स्थान: रांची

भवदीय, अधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, कोडरमा

दूरभाष एवं फैक्स न0– 06534–252244,
Email- kodermajail@gmail.com

अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना

क01	कारा का नाम	मंडल कारा, कोडरमा।
2	विषय	मंडल कारा, कोडरमा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार, खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के कय/आपूर्ति के निमित्त अति अल्पकालीन ई0 निविदा का आमंत्रण (तृतीय त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक– 01.07.2026 से 30.09.2026 तक)
3	निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी।	रूपये 5,000:00 (पॉच हजार) मात्र।
4	वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय	दिनांक–02.07.2026 से 11.07.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
5	निविदा Online Upload करने की तिथि	दिनांक–02.07.2026 से 11.07.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
6	आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि	दिनांक–12.07.2026 से 13.07.2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
7	अग्रधन राशि (EMD) रूपये 2500/– से अधिक होने पर जमा करने की तिथि	दिनांक–12.07.2026 से 13.07.2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
8	निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान	दिनांक–14.07.2026 को अपराह्न 12:00 बजे अपर समाहर्त्ता, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में।

नोट:– 1.उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर केवल **e-tender** के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online** ही स्वीकार की जायेगी।
3.अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा के कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थातिप किया जा सकता है। **e-tender** को **Online upload** करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में **Helpline No.9430342752** से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
मंडल कारा कोडरमा

PR 383586 (Home, Prison And Disaster Management)26-27*D